छात्र परविहन सुरक्षा योजना

चर्चा में क्यों?

5 नवंबर, 2023 को हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने करनाल ज़िले के गाँव रतनगढ़ में जनसंवाद कार्यक्रम में 'छात्र परविहन सुरक्षा योजना'के शुरू करने की घोषणा की।

प्रमुख बिंदु

- 'छात्र परविहन सुरक्षा योजना'के तहत गाँव में 50 से अधिक विद्यार्थी होने पर दूर-दराज के स्कूल में जाने के लिये अब परविहन विभाग की ओर से बस सेवा उपलब्ध करवाई जाएगी।
- रतनगढ़ गाँव में सुबह 7 बजे रोडवेज विभाग की बस विद्यार्थियों का इंतजार करेगी। यह बस विद्यार्थियों को स्कूल ले जाने और फिर घर छोड़ने का काम करेगी।
- जिस गाँव में 30 से 40 विद्यार्थी हैं वहाँ पर मिनी बस, जिस गाँव में 5 से 10 विद्यार्थी हैं वहाँ पर ऑटो रिक्शा जैसी सुविधा मिलेगी। यह सुविधा विद्यार्थियों को निःशुल्क उपलब्ध करवाई जाएगी। इसका पैसा ज़िला शिक्षा विभाग के माध्यम से खर्च किया जाएगा।
- इस योजना को प्रथम चरण में करनाल ज़िला और उसके बाद प्रदेश के अन्य ज़िलों में लागू की जाएगी।

//